

12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

RNI No. CHHHIN/2011/38292

भारत सम्मान NEWS

हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman



वर्ष-13 अंक-156 — अम्बिकापुर, गुरूवार, 30 नवम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# विपक्ष के जातीय दांव के विरुद्ध भाजपा को आस्था का कवच देगा विहिप, हर बस्ती में पहुंचेगा राम जन्मभूमि का अक्षत

## सवर्ण बनाम दलित समीकरण

बिहार से जातीय जनगणना का पहला कदम उठाया गया। उसके जरिए अन्य पिछड़ा वर्ग को लुभाने का प्रयास राजद और जदयू ने किया, फिर उसी का झंडा उठाकर मिशन-2024 पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित कई क्षेत्रीय दल चल पड़े हैं। विपक्षी रणनीतिकारों का विश्वास है कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को उफान देकर भाजपा जिस तरह से हिंदुओं के वोट का बड़ा हिस्सा प्राप्त करने में सफल हो रही है, उसमें जातीय जनगणना और सनातन विरोधी अभियान को तीव्र कर सवर्ण बनाम दलित समीकरण भी तैयार किया जा सकता है। इस बीच, 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भाजपा खासी उत्साहित है। हाल ही में पार्टी ने अपने एक्स हैंडल पर मंदिर उद्घाटन की तिथि को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की तस्वीरों के साथ लगाया भी है। मंदिर के उद्घाटन पर देशभर में अनुष्ठान होने हैं। निश्चित ही भाजपा भी इसके लिए सक्रिय होगी, लेकिन उसके इतर विश्व हिन्दू परिषद की बड़ी तैयारी है।

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के विरुद्ध विपक्षी दल जातीय दांव में दम लगा रहे हैं। जातीय जनगणना की बुलंद मांग और सनातन विरोधी अभियान के पीछे हिंदुओं के बीच पिछड़ों और दलित की दरारें उभारने के प्रयास नजर रहे हैं। इससे निपटने के लिए भाजपा की अपनी राजनीतिक रणनीति तो होगी ही, इसके अलावा अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से जिस तरह 60 करोड़ से अधिक देशवासियों को जोड़ने का विश्व हिन्दू परिषद का लक्ष्य है, वह भी भाजपा के लिए आस्था का मजबूत कवच तैयार कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों से किया जाएगा। वह श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे।



तय है कि इससे इन सभी आस्थावान नागरिकों का जुड़ाव मंदिर और उसके सहारे भाजपा से होगा। भाजपा नेता आश्वस्त हैं कि इस अनुष्ठान में नागरिकों की भागीदारी में जाति-बिरादरी आड़े नहीं आएगी। विहिप के साथ ही भाजपा के इस संकल्प की पूर्ति के अनुष्ठान से सभी जाति-वर्गों के लोग जुड़ेंगे, जिन पर जातीय जनगणना या सनातन विरोधी अभियान का कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ओबीसी को तो वैसे भी इससे अलग नहीं किया जा सकता, क्योंकि राम जन्मभूमि आंदोलन में पिछड़ा वर्ग से आने वाले नेताओं की विशेष सक्रियता और योगदान रहा है।

## वहिप प्रवक्ता ने क्या कुछ कहा?

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि परिषद की संगठनात्मक संरचना में देश में कुल 45 प्रांत हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में पूजित अक्षत के कलश वहां पहुंच गए हैं। वह क्रमवार विभाग, जिले, प्रखंड, खंड और उपखंडों के बाद एक से 31 दिसंबर तक देश की प्रत्येक बस्ती में पहुंच जाएंगे। दो हजार आबादी के समूह को एक बस्ती माना गया है। एक से पंद्रह जनवरी तक बस्ती के प्रत्येक घर में पूजित अक्षत और प्रसाद के साथ निमंत्रण पत्र हर घर में पहुंचा दिया जाएगा कि वह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन घर, पास के मंदिर या अन्य सार्वजनिक स्थान पर अनुष्ठान में शामिल हों। परिषद मानता है कि निधि समर्पण अभियान के तहत जिन 63 करोड़ देशवासियों ने राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है, उनका इस अनुष्ठान में शामिल होना स्वाभाविक है। इस तरह आशा है कि लगभग 60 करोड़ देशवासी इसमें शामिल होंगे ही।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे वृंदावन

**मथुरा।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए बुधवार की सुबह पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज का शॉल व माला पहनाई। वही आपको बता दें कि आरएमएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिन के प्रवास पर मथुरा वृंदावन पहुंचे हैं। जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम मथुरा के फरह स्थित गौ अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया था। वही उसके बाद वह वृंदावन पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि महाराज जी मैं आपकी वीडियो और आपके प्रवचन सोशल मीडिया के जरिए सुनता रहता हूं। जब वृंदावन पहुंचा, तो मन में जागरूकता हुई कि आपसे मुलाकात करनी चाहिए। वहीं प्रेमानंद महाराज ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का प्रसादी पटका भेंट कर भव्य स्वागत किया। आपको बता दें कि कुछ समय पहले विराट कोहली ने अपनी पत्नी व सीने तारिक अनुष्का शर्मा के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए थे। प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने के बाद विराट कोहली के बल्ले का जादू पूरी दुनिया देख चुकी है। वही मोहन भागवत ने प्रेमानंद महाराज के साथ करीब 15 मिनट का समय व्यतीत किया। जिसमें प्रेमानंद महाराज के द्वारा प्रवचन किए गए।



# वायु प्रदूषण में सुधार, ग्रेप-तीन की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव से प्रदूषण में गिरावट दर्ज होने के मद्देनज़र ग्रेप-तीन से सबंधित पाबंदियों को हटा दिया गया है। गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप-1 तथा ग्रेप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। इसके अलावा निर्माण और विध्वंस पर लगे प्रतिबंध को भी हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हॉट स्पाट पर सभी नियमों का कड़ाई से पालन जारी रखने का आदेश दिया गया है। टीमों को लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के नियम लागू रहेंगे और दिल्ली में सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एक्यूआई स्तर आगे बढ़कर 'गंभीर' श्रेणी में न आएं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रतिदिन चिन्हित सड़कों पर पानी का छिड़काव करने और लगातार मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। पानी के छिड़काव के लिए 375 वाटर स्प्रिंक्लिंग मशीन लगायी गयी है , 82 मैकनिकल स्वीपिंग मशीन काम कर रही है।



# तीन साल और काम करते रहेंगे फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट, कैबिनेट ने 1952 करोड़ के खर्च के साथ फैसले को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** यौन उत्पीड़न जैसे तमाम मामलों में लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की संकल्पना पर आधारित फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें अगले तीन साल और चलती रहेंगी। केंद्रीय कैबिनेट ने इस फैसले को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले के बाद 2018 में आपराधिक न्याय (संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने 1023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के गठन का फैसला किया था। इनमें 31 राज्यों में 389 अदालतें खास तौर पर बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बने पास्को कानून से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए हैं। इस योजना की शुरुआत 2019 में गांधी जयंती के अवसर पर एक वर्ष के लिए की गई थी, जिसे बाद में इस साल 31 मार्च तक दो साल के लिए बढ़ा दिया गया था। वैसे एक तथ्य यह भी है कि केंद्र सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद 1023 अदालतों में केवल 754 ही आपरेशनल यानी सक्रिय हैं।

## निर्भया फंड से दिया जाएगा केंद्र का हिस्सा

यह राज्यों की हीलाहवाली ही है कि वे विशेष अदालतों के मामले में अपेक्षा के अनुरूप सक्रियता नहीं दिखा सकीं। तमाम राज्यों ने केंद्र से इस तरह की विशेष अदालतें बनाने के लिए वादा तो किया, लेकिन ज्यादातर राज्य इन्हें संचालन की स्थिति में नहीं ला सके हैं। मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट ने इन अदालतों को तीन साल का विस्तार देने का जो फैसला लिया, उस पर 1952.23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें केंद्र सरकार 1207.24 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जबकि राज्यों का योगदान 744.99 करोड़ रुपये होगा। केंद्र का हिस्सा निर्भया फंड से दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एक बयान में कहा है कि तीस राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों ने इस योजना में भाग लिया है।

## 761 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें हुई संचालित

इससे 761 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें संचालित हुई हैं, जिनमें 414 विशिष्ट पास्को कोर्ट हैं। इन अदालतों के जरिये 195000 मामले निपटाए गए हैं। फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की संकल्पना इस दृष्टि से की गई है कि इनमें से प्रत्येक हर साल 65 से 165 मामलों का निस्तारण करेंगी। ऐसी एक अदालत पर वार्षिक खर्च लगभग 75 लाख रुपये आता है। इसमें सामान्य तौर पर एक न्यायिक अधिकारी और सात सहायक कर्मी होते हैं।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
07828866957
09303890212

# संपादकीय

## पड़ोस नीति का पेच

कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तरजीह राष्ट्र हित को दी जानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उभरती परिस्थितियों के कारण अफगानिस्तान एक ऐसा देश बना हुआ है, जहां भारत को लगातार अपना अधिकतम प्रभाव बनाए रखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास के अधिकारी जब पिछले 30 सितंबर को यहां से चले गए, तब उसके बाद भारत सरकार के पास लगभग आठ हफ्तों का वक्त था, जिस दौरान वह देश में अफगानिस्तान की राजनयिक उपस्थिति को सुनिश्चित कर सकती थी। लेकिन अब यह साफ है कि ऐसा करने में भारत सरकार ने दिलचस्पी नहीं ली। नतीजतन, बीते शुक्रवार को अफगान दूतावास स्थायी रूप से बंद हो गया। दूतावास ने भारत सरकार की ओर से आ रहीं चुनौतियों का हवाला देते हुए अपना काम-काज बंद करने का एलान किया है। इसके पहले बीते 30 सितंबर को दूतावास ने भारत सरकार से समर्थन न मिलने, अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने, और कर्मियों एवं संसाधनों की कमी के कारण कामकाज अस्थायी रूप से रोकने की बात कही थी। साफ है, अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के काबिज होने के बाद अफगानिस्तान और भारत के बीच पैदा हुई खाई को भरने की कोशिश दोनों में से किसी पक्ष ने नहीं की। अगस्त 2021 के घटनाक्रम को भारत सरकार ने इस क्षेत्र के लिए एक जोखिम के रूप में चित्रित किया था। निरपेक्ष रूप से देखा जाए, तो यह एक सही समझ है। लेकिन एक दूसरी समझ यह है कि कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तरजीह राष्ट्र हित को दी जानी चाहिए। अपनी भू-राजनीतिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उभरती परिस्थितियों के कारण अफगानिस्तान एक ऐसा देश बना हुआ है, जहां भारत को लगातार अधिकतम प्रभाव बनाए रखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। बीते एक साल में अफगान सरकार और पाकिस्तान के बीच संबंध जिस हद तक बिगड़े हैं, संभव है कि उसे भारत के नजरिए से एक सकारात्मक घटना के रूप में देखा जाए। गौरतलब है, चीन ने भी हालांकि तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है, लेकिन वह लगातार उससे संपर्क बढ़ाता चला गया है। बात अफगानिस्तान को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना में शामिल करने तक पहुंच गई है। ऐसे में यह एक पेचीदा, लेकिन विचारणीय प्रश्न है कि अफगानिस्तान से बचा-खुचा कूटनीतिक संपर्क भी टूट जाना क्या भारत के हित में है?

# 100 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले कारोबारी जान लें GST से जुड़े ये नियम, वरना हो सकती है मुश्किल




**रायपुर।** जीएसटी विभाग ने बड़ा कारोबार करने वाली कंपनियों पर शिकंजा और कस दिया है। जीएसटी के नए नियमानुसार अब 100 करोड़ या उससे अधिक के कारोबार करने वाली कंपनियों को जीएसटी से संबंधित रसीदों को 30 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। बताया जा रहा है कि यह प्राविधान एक नवंबर से लागू भी हो गया है।

मालूम हो कि जीएसटी के ई रसीद का संचालन करने वाले नेशनल इंफार्मेटिक्स सेंटर (एनआइसी) ने एक परामर्श में जीएसटी प्राधिकरण ने यह फैसला लिया है। इस फैसले के अनुसार रसीद जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

कर विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) आने वाले दिनों में इसे सभी जीएसटी करदाताओं पर लागू कर सकता है।जीएसटी विभाग द्वारा इन दिनों टैक्स चोरों के खिलाफ अभियान भी चलाया जा रहा है और ऐसे कारोबारियों को लगातार नोटिस भेजी जा रही है। इसके साथ ही टैक्स कलेक्शन भी ज्यादा से ज्यादा की जा रही है।

### इन्हें भी जानना जरूरी

जीएसटी करदाताओं के लिए यह जानना भी जरूरी है कि अगर आपकी वार्षिक बिक्री 40 लाख रुपये से ज्यादा है और आप सर्विस प्रोवाइडर है और वार्षिक टर्नओवर 20 लाख रुपये सेज्यादा है तो जीएसटी में रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। साथ ही अगर दो करोड़ टर्नओवर है तो वार्षिक रिटर्न की आवश्यकता नहीं होगी। वार्षिक टर्नओवर पांच करोड़ है तो 3बी और आर1 फाइल करना होगा। पांच करोड़ से ज्यादा है तो मंथली भी कर सकते है।

### दुकान के बाहर जीएसटी नंबर, सर्टिफिकेट लगाना अनिवार्य

अगर आप जीएसटी में रजिस्टर्ड है और अपनी दुकान या गोडाउन के बाहर जीएसटी नंबर व सर्टिफिकेट नहीं लगा रहे है तो आपको 50 रुपये का जुर्माना भरना पड़ सकता है। जीएसटी नियमों के अनुसार अपने संस्थान के बाहर जीएसटी नंबर, सर्टिफिकेट लगाना जरूरी है। इसमें लापरवाही करने वाले कारोबारियों बख्शा नहीं जाएगा। अगर आपने जीएसटी रजिस्ट्रेशन में दिए गए पते को बदल दिया है तो भी आपको अपने व्यावसायिक परिसर में जीएसटी नंबर व सर्टिफिकेट लगाना होगा। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो जीएसटी अफसरों द्वारा कार्रवाई की जा सकती है। कर विशेषज्ञों का कहना है कि सभी को जीएसटी नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

### रिटर्न में मिसमैच तो भी आ सकता है नोटिस

अगर आपके जीएसटी रिटर्न में थोड़ा भी मिसमैच है तो विभाग द्वारा आपको नोटिस भेजा जा सकता है। आपको नोटिस का जवाब निर्धारित तारीख तक देना चाहिए। जीएसटी अफसर के पास बहुत से अधिकार है और वह विभिन्न धाराओं के तहत आपपर कार्रवाई कर सकती है। जीएसटी की धारा 67 के तहत सर्च व सीज करने का अधिकार है तथा धारा 71 में बुक्स आफ अकाउंट चेक कर सकता है, लेकिन खाताबही नहीं ले जा सकता। धारा 67 के तहत दुकान को सील भी कर सकता है, खाताबही भी ले सकते है और आलमारी भी तुड़वा सकते है। पहले से इन्हें लिखना भी पड़ता है कि क्यों जांच के लिए जा रहे है।

# खाद्य विभाग ने गैस गोदाम में मारा छापा



**बिलासपुर-रायपुर।** मोपका-चिल्हाटी मार्ग में संचालित अभिनव गैस एजेंसी के गोदाम में खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए तीन मालवाहकों से 32 गैस सिलेंडर जब्त किया है। जिला खाद्य विभाग की टीम ने गैस रिफिलिंग यंत्र भी मौके से बरामद किया गया। इस पूरे मामले में विभाग के अफसरों ने एजेंसी के संचालक का नाम सार्वजनिक नहीं किया, इससे अफसरों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठ गए। विभाग ने कार्रवाई की जानकारी कलेक्टर अवनीश शरण को भी नहीं दी। उन्होंने इस बात से अनभिज्ञता जताई कि खाद्य विभाग ने किसी गैस एजेंसी पर कार्रवाई की। उन्होंने यह जरूर कहा कि खाद्य विभाग को कार्रवाई करने के बाद संबंधित संचालक का नाम भी सार्वजनिक करना चाहिए और वे इस मामले में संज्ञान लेंगे। कार्रवाई के दौरान गैस गोदाम के पास तीन वाहन सीजी 10 बीएल 8360, सीजी 10 आर 0239 व सीजी 10 एएन 1947 में घरेलू गैस सिलेंडर लोड पाया। इनकी संख्या क्रमश: 32, 30 और 32 नग थी। मौके पर वाहन चालकों के सामने ही खाद्य विभाग के अफसरों ने गैस सिलेंडरों का तौल पत्रक तैयार कराया। वाहनों में रखे सिलेंडर को तौला गया तो सभी में 1 से 2 किलो गैस कम पाया गया। खाद्य विभाग के अफसरों ने मौके पर गैस सिलेंडर रिफिलिंग का एक यंत्र भी बरामद किया।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 81 करोड़ लोगों को मिलेगा फ्री राशन

**रायपुर।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और 30 नवंबर 2023 को तेलंगाना में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के आखिरी दौर से पहले मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है. यह देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच साल तक मुफ्त अनाज देने वाली योजना है. पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत कोविड महामारी के दौरान से की गई थी. सरकार ने इस योजना को 1 जनवरी 2024 के बाद अगले पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है. योजना के लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज मिलेगा और 81 करोड़ भारतीयों को योजना का लाभ मिलेगा. अंत्योदय योजना का लाभ पाने वाले परिवारों को 35 किलो अनाज मिलता रहेगा. वहीं सरकार अगले पांच साल में इस योजना पर 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी. इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2023 तक मुफ्त अनाज दिया जाना है. लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार ने इस योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है.

# नक्सलियों ने मोबाइल टावर में लगा दी आग

### तीन दिन के भीतर बस्तर संभाग में दूसरी बड़ी घटना

### सड़क निर्माण के विरोध में दिया वारदात को अंजाम






**जगदलपुर-रायपुर।** बस्तर संभाग में तीन दिनों के भीतर दूसरी बड़ी घटना को अंजाम देते हुए नक्सलियों ने हर्राकोडेर गांव में स्थापित मोबाइल टॉवर को आग के हवाले कर दिया। यह अबूझमाड़ क्षेत्र का गांव है।

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में बारसूर - नारायणपुर मार्ग पर स्थित अबूझमाड़ क्षेत्र के हर्राकोडेर गांव में बीती रात नक्सलियों ने जियो कंपनी के मोबाईल फोन टॉवर को निशाना बनाया। मोबाईल टॉवर का पैनल बॉक्स, कंट्रोल यूनिट, केबल व अन्य उपकरण पूरी तरह खाक हो गए हैं। नक्सली मौके पर पर्चा भी चस्पा कर गए हैं।नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी द्वारा चस्पा किए गए इस पर्चे में पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ को 2 से 8 दिसंबर तक उत्साह के साथ मनाने, देशभर में वर्ग संघर्ष व गुरिल्ला युद्ध को व्यापक एवं तेज करने का आह्वान किया गया है। चुनाव के दौरान बैक फुट पर रहे नक्सली अब फिर से फ्रंट फुट पर आ गए हैं। वे लगातार बड़ी वरदातों को अंजाम देते हुए सुरक्षा बलों को खुली चुनौती दे रहे हैं। प्राइवेट और सरकारी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीते रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात नक्सलियों ने दंतेवाड़ा जिले के भांसी में जमकर उत्पात मचाते हुए आगजनी की थी। भांसी के बीच गांव में नक्सलियों ने सड़क निर्माण एवं रेलवे लाईन के दोहरीकरण कार्य में लगे चौदह वाहनों, मशीनों तथा अन्य उपकरणों को फूंक डाला था। नक्सलियों ने यहां की गई आगजनी की प्रेस नोट जारी कर जवाबदारी लेते हुए बैलाडीला से दंतेवाड़ा के बीच बन रही सड़क का नक्सलियों ने विरोध किया है,अब एकबार फिर एक निजी मोबाईल फोन कंपनी के टॉवर में आगजनी कर दी है जिससे बड़ी आबादी को नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ेगा। नारायणपुर जिला पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और सर्चिंग में लगी हुई है।

## बदली-बारिश ने बढ़ाई कृषकों की चिंता

**रायपुर।** उत्तर भारत में जहां शीतलहर कहर परबा पा रहा है तो वहीं मध्य भारत में मौसम खराब होने से बदली-बारिश का दौर चल रहा है। वहीं आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम रूठी हुई है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में दिनभर सूर्य नहीं निकल रहा है। रात में घने कोहरे छा रहे हैं। कई जिलों में अच्छी बारिश की खबर आ रही है। अब इस बीच खेतों में पड़े फसल भी बे-मौसम बारिश से खराब होने लगे हैं। प्रदेश में किसान बहुतायत में धान की फसल लेते हैं। जो इन दिनों पूरी तरह पक के तैयार हो गये हैं। अचानक हो रही बारिश धान की खड़ी फसलों को पूरी तरह चौपट कर रही है। वहीं प्रदेश के जिले दलहन की फसलों के लिए जाने जाते हैं। दलहन की फसलों में इस समय फूल आये हुये हैं। जो बारिश से खराब हो रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि ज्यादा दिनों तो मौसम खराब रहने से किसानों को अत्यधिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

# विस चुनाव : मतगणना की सारी तैयारियां पूरी




**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद अब मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। राज्य में दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मतगणना के लिए सभी 33 जिला मुख्यालयों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों में प्रेक्षकों की निगरानी में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेन्द्रगढ़ एवं भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी।

श्रीमती कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केन्द्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला 7 नवम्बर और 17 नवम्बर को ईव्हीएम में बंद हुआ था। आगामी 3 दिसम्बर को मतों की गिनती के साथ ही इनके परिणाम आएंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक तथा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी।

# तीन दिसंबर के बाद शुरू होगी आत्मानंद स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती, 71 पदों के लिए आए पांच हजार से ज्यादा आवेदन

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में होने वाली संविदा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया तीन दिसंबर के बाद शुरू होगी। जिले के 27 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 71 पदों पर संविदा शिक्षकों की भर्ती होनी है। शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन मंगवाए जा चुके हैं। 71 पदों के लिए पांच हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। भर्ती के लिए चार अक्टूबर तक आवेदन मंगवाए गए थे। आचार संहिता के कारण भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया गया था। जिले में खुल रहे पांच नए स्कूल सहित 22 पुराने स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती होना है।




अधिकारियों ने बताया कि तीन दिसंबर को मतगणना है। इसके बाद प्रदेश में लगी आचार संहिता हट जाएगी। संविदा भर्ती के लिए आवेदन पहले से ही मंगवाए जा चुके हैं। आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। पात्र-अपात्र की सूची जारी कर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति मंगवाई जाएगी। अभ्यर्थी दावा-आपत्ति मेल के जरिए कर सकेंगे। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन के बाद चयन सूची जारी की जाएगी। जानकारों ने बताया कि आत्मानंद स्कूलों में पिछले वर्ष जब भर्ती निकली थी तब लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का चयन हुआ था। इस वर्ष मई में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भर्ती निकली थी तब चयन के लिए इंटरव्यू और शैक्षणिक रिकार्ड को आधार बनाया गया था। लेकिन अभी निकली वैकेंसी में विभिन्न पदों पर चयन के लिए सिर्फ शैक्षणिक रिकार्ड को आधार बनाया गया है। विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए बीएड, डीएलएड व पात्रतानुसार टीईटी अनिवार्य है।

## इन पदों के लिए निकली हैं वैकेंसी

आत्मानंद इंग्लिश स्कूलों में व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक समेत अन्य के लिए वैकेंसी निकली है। इसमें व्याख्याता भौतिकी, गणित व वाणिज्य के 11 पद हैं। प्रधान पाठक के 2 पद हैं। शिक्षक में अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के कुल 24 पोस्ट हैं। व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला और सहायक ग्रेड-3 के 1-1 पद यानी कुल तीन पोस्ट हैं। जबकि सहायक शिक्षक के सबसे ज्यादा 31 पद भरे जाएंगे।

## व्याख्याता के लिए पीजी में 50, यूजी में 30 प्रतिशत का वेटेज

आत्मानंद इंग्लिश स्कूलों में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती होगी। इसके लिए अलग-अलग फार्मूला तय किया गया है। व्याख्याता पद पर भर्ती के लिए पीजी के 50 प्रतिशत, यूजी के 30 और बारहवीं में मिले नंबरों का 20 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। इसी तरह प्रधान पाठक, शिक्षक और व्यायाम शिक्षक में यूजी 50 प्रतिशत, बारहवीं 30 और दसवीं के मिले नंबरों का 20 फीसदी वेटेज रहेगा। सहायक शिक्षक, विज्ञान प्रयोगशाला और सहायक ग्रेड-3 के चयन में बारहवीं 60 और दसवीं के 10 फीसदी नंबर का वेटेज दिया जाएगा।

## इतनी मिलेगी सैलरी

व्याख्याता और प्रधान पाठकी मिडिल स्कूल की सैलरी प्रतिमाह 38100 रुपए है। प्रधान पाठक प्राइमरी 35400, शिक्षक 35400, सहायक शिक्षक 25300, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला 25300 और सहायक ग्रेड-3 की प्रतिमाह सैलरी 19500 रुपए है।




## रायपुर में टिकटों की कालाबाजारी, पुलिस ने 4 लोगों पर की कार्रवाई

**रायपुर।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर रायपुर पुलिस ने कार्रवाई की है. चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर उनसे 13 नग टिकट जब्त किया है. बता दें कि एक दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच होगा. इसके टिकटों की कालाबाजारी की सूचना पर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को मैच के टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने आज थाना कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो में टिकटों की कालाबाजारी करते तुलसी बाराडेरा मंदिर हसौद निवासी अनिल जांगड़े, आकाश कुमार धीवर तथा सिविल लाईन निवासी बबलू नायक एवं आशीष मिश्रा को पकड़ा. उनके कब्जे से 13 नग टिकट जब्त कर दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्रवाई की गई. एसएसपी ने कहा, रायपुर पुलिस टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर पैनी नजर रख रही है. टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# चुनावी विफलता से बौखलाए नक्सलियों ने अचानक तेज किए हमले, पहुंचा रहे नुकसान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद नक्सली हमले तेज हुए हैं। बीते एक सप्ताह में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर सहित अन्य जिले में नक्सल गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान अक्सर नक्सली बड़े हमले की ताक में रहते हैं, पर इस बार सुरक्षा बल की सतर्कता से नक्सली कोई बड़ा हमला नहीं कर पाए थे। बस्तर में 65 हजार से अधिक सुरक्षा बल की तैनाती के बीच बस्तर ने नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार को नकार दिया और नक्सलियों के आधार क्षेत्र में भी जमकर मतदान हुआ। इसका असर यह हुआ कि एलमागुंडा, मिनपा, सिलगेर, तर्रेम जैसे क्षेत्र जहां मतदान प्रतिशत शून्य के करीब रहता था, वहां भी 70 प्रतिशत से अधिक मतदान देखने को मिला। संपूर्ण बस्तर में 75.62 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2018 के 73.31 से 2.31 प्रतिशत अधिक रहा। सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि बस्तर में नक्सलियों के आधार क्षेत्र में भी मतदान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। इसी बात को लेकर नक्सलियों में बौखलाहट देखी जा रही है। ऐसी जानकारी है कि नक्सलियों की कोर कमेटी में चुनावी विफलता पर चर्चा होने के बाद अपने घटते वर्चस्व और ग्रामीणों पर दबाव बनाने के लिए नक्सली अब हमलावर हो रहे हैं। नक्सलियों के पैठ वाले क्षेत्र में 65 से अधिक नवीन सुरक्षा बल के कैंप स्थापित कर वहां से लगातार नक्सलरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। इससे नक्सली अब सीधी मुठभेड़ की जगह बदली हुई रणनीति पर काम करते हुए स्माल एक्शन टीम व आइईडी विस्फोट से नुकसान पहुंचाने पर भरोसा कर रहे हैं।



## जानकार मानते हैं सुरक्षा बल का प्रभाव बढ़ा

नक्सलवाद के जानकार शुभ्रांशु चौधरी कहते हैं कि नक्सलियों के आधार क्षेत्र में सुरक्षा बल के कैंप स्थापित करने बाद इस बार वहां भी मतदान हुआ। नक्सलियों ने भी अपने प्रभाव क्षेत्र में चुनाव को प्रभावित करने की तैयारी रखी थी। ऐसे क्षेत्र जहां उन्हें आइईडी विस्फोटक लगाने की आवश्यकता नहीं थी, वहां भी आइईडी लगाए गए थे। चुनाव के दौरान सुरक्षा बल की उपस्थिति में नक्सली बड़ा नुकसान नहीं कर पाए, पर अब वे आइईडी फट रहे हैं, जिसके चपेट में ग्रामीण आ रहे हैं। बस्तर रेंज आइजीपी सुंदरराज पी. ने कहा, सुरक्षा बल की सतर्कता से बस्तर में इस बार नक्सली निष्प्रभावी रहे और उनके आधार क्षेत्र में भी शांतिपूर्ण मतदान हुआ। इससे नक्सली अब अपने घटते वर्चस्व को बचाने और नक्सल कैडर का मनोबल बढ़ाने के लिए छिटपुट घटना कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं।

## एक सप्ताह में नक्सली घटनाएं

- 21 नवंबर को सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के बैनपल्ली के पास आइईडी विस्फोट में बस्तर फाइटर का जवान रोशन नाग घायल हुआ।
- 23 नवंबर को नारायणपुर में नक्सलियों ने पूर्व उपसरंपच दुलारू ध्रुव की हत्या की।
- 24 नवंबर को नारायणपुर में आमदई पहाड़ी पर आइईडी विस्फोट में ग्रामीण रीतेश गागड़ा व श्रवण गागड़ा की मौत हुई।
- 27 नवंबर को दंतेवाड़ा के भांसी में सड़क निर्माण कंपनी की 14 वाहनों में आगजनी की।
- बीते एक सप्ताह में सुरक्षा बल ने नक्सलियों के लगाए हुए 100 किलो से अधिक विस्फोटक ढूंढकर नष्ट किए हैं।

# तेंदुए की खाल के साथ तीन गिरफ्तार : ग्राहकों की तलाश कर रहे थे तस्कर, जांच पड़ताल में और हो सकता है बड़ा खुलासा

**गरियाबंद।** तेंदुए की खाल बेचने के फिराक में घूम रहे ओडिशा के 3 आरोपियों को उदंती सीतानदी अभ्यारण्य की एंटी पोचिंग टीम ने धर दबोचा. बता दें कि 27 नवंबर को उदंती सीतानदी अभ्यारण्य की एंटी पोचिंग टीम को सूचना मिली थी कि बीरीघाट क्षेत्र में कुछ संदिग्ध तेंदुए की खाल को बेचने ग्राहक तलाश रहे. इस सूचना पर टीम ने तेंदुए की खाल के साथ तीन आरोपियों को हिरासत में लिया.



अभ्यारण्य प्रशासन ने आज प्रेस नोट जारी कर बताया कि आरोपी कार्तिक गोड 45 वर्ष उसका बेटा गोरांगो गोड 23 वर्ष के अलावा उपेंद्र रावत 25 वर्ष को खाल के साथ हिरासत में लिया गया. तीनों आरोपी ओडिशा चंदाहांडी थाना क्षेत्र के चकामाल ग्राम के निवासी हैं. उपनिदेशक वरुण जैन के मार्गदर्शन में टीम का नेतृत्व कर रहे उदंती अभ्यारण्य के सहायक संचालक गोपाल कश्यप ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि तेंदुए को जहर देकर मारा गया. शिकार के मामले में अन्य और आरोपी है, जिसकी पतासाजी की जा रही है. कश्यप ने कहा कि पेशेवर इन तस्करों के निशानदेही पर आगे की पड़ताल जारी है. आगे बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है. आरोपियों के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 28 को देवभोग न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. इस अभियान में सुशील सागर रेंजर इंदागांव, चंद्रबली ध्रुव उपनोडल अधिकारी, राकेश मार्कडेय, चूरामन धृत लहरे, ओमप्रकाश राव, फलेश्वर दीवान, ऋषि ध्रुव समेत अन्य वन कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा.

# होटल पहुंची भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम, सुरक्षा के किए गए कड़े इंतेजाम

**रायपुर।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर की शाम पहली बार टी-20 इंटरनेशनल मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा. इस मैच के लिए दोनों ही टीमें रायपुर एयरपोर्ट पहुंची. यहा से दोनों टीमें एक होटल कोर्टयार्ड मैरियट पहुंच गई है. ये टीमें दो अलग-अलग बसों में पहुंची हैं. होटल में खिलाड़ियों की सुरक्षा में स्क्र से लेकर आरक्षकों को तैनात किया गया है. एसपी, एडिशन एसपी, चार डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, आरक्षक सहित कुल 40 जवान तैनात किए गए हैं.



# बिलासा एयरपोर्टः 600 करोड़ का प्रोजेक्ट ट्रेनी सब इंजीनियर के हवाले




**बिलासपुर।** प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बिलासा एयरपोर्ट को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 600 करोड के इस प्रोजेक्ट को एक परिवीक्षा में कार्यरत सब इंजीनियर के हवाले कर दिया गया है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि एयरपोर्ट परिसर से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। साथ ही निर्माण कार्य में भी लेटलतीफी यात्रियों को परेशान होना पड रहा है। इसके बाद भी विभाग के आला अधिकारी यहां झांकने भी नहीं आते हैं।

चकरभाठा स्थित बिलासा एयरपोर्ट का इन दिनों विस्तार हो रहा है। ओवरआल इसकी लागत 600 करोड़ है। एयरपोर्ट में 4सी योजना के तहत नाइट लैंडिंग के कार्य, रनवे की लंबाई और चौड़ाई, लाइटिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल नाइट विजन और बाउंड्रीवाल के कार्य हो रहे हैं। इतने महत्वपूर्ण काम होने के बाद भी यहां सुरक्षा भगवान भरोसे है। सबसे बड़े इस प्रोजेक्ट की देखरेख परिवीक्षा अवधि में कार्यरत सब इंजीनियर उमंग गौरहा को सौंपा गया है। ट्रेनिंग अवधि में होने के बाद भी इतना बड़ा और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट देना समझ से परे है। यही वजह है कि एयरपोर्ट परिसर में कोई भी बेधड़क आ जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण चोर बाउंड्रीवाल तोड़कर सामान चोरी कर रहे हैं। अधिकारी गाहे—बगाहे ही जायजा लेने के लिए एयरपोर्ट पहुंचते हैं।

> इसकी जानकारी संबंधित कार्यपालन अभियंता ही दे पाएंगे। बेहतर होगा कि आप कार्यपालन अभियंता से बात कर ले। इसकी मुझे जानकारी नहीं है।
> **वाईके गोपाल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग**

## काम बंद करने का ठेकेदार दे चुका है धमकी

एयरपोर्ट में इन दिनों विभिन्न निर्माण कार्य चल रहा है। इसका ठेका नरेश कंस्ट्रक्शन को मिला है। ठेकेदार की ओर से यहां सीमेंट, सरिया, पंप समेत अन्य निर्माण सामग्री रखा है। मजूदर इसका उपयोग निर्माण कार्यों में कर रहे हैं। बीते एक नवंबर को श्रमिकों ने काम बंद कर यहां सभी सामान को सुरक्षित रखकर अपने-अपने घर चले गए। दूसरे दिन काम पर लौटे तो देखा कि अज्ञात चोर बाउंड्रीवाल की फेंसिंग को काटकर परिसर के कंटेनर में रखे 120 बोरी सीमेंट, 500 क्विंटल सरिया, दो नग पंप व साइड से संबंधित करीब दो लाख रुपये के सामान गायब हैं। ठेकेदार नरेश शुक्ला ने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर चोरी हुए सामान की भरपाई करने निवेदन किया है। अन्यथा काम बंद करने की चेतावनी भी दी है।

## लगातार हो रही चोरी की घटनाएं

पुरानी रंजिश पर पड़ोसियों ने गला दबाकर किसान की कर दी हत्या, पति-पत्नी समेत छह गिरफ्तारपुरानी रंजिश पर पड़ोसियों ने गला दबाकर किसान की कर दी हत्या, पति-पत्नी समेत छह गिरफ्तार ठेकेदार ने एयरपोर्ट में 25 सितंबर से काम शुरू किया है। इसके चार दिन बाद 28 सितंबर को कंटेनर को तोड़कर लोहे की रिंग व सीमेंट और एक अक्टूबर को यू एंगल की चोरी व चार अक्टूबर को बाउंड्रीवाल को तोड़कर लोहा चोरी कर लिया गया। इस तरह कुल मिलाकर अब तक पांच लाख रुपये का सामान चोरी हो चुका है।

# खेत में पानी भरने से कटे धान को नुकसान

**मुंगेली।** क्षेत्र में बेमौसम पानी गिरने से आम जन जीवन प्रभावित रहा वहीं सबसे अधिक परेशान किसान रहे। खेतों में पानी भरने से धान की फसल पूरी तरह से भीग गया है। किसानों ने बताया धान सूखने के बाद ही उठा पाएंगे। हालांकि शाम को बदली हटने मौसम साफ होने का अनुमान है। सोसायटियों में धान बेचने के लिए किसान पहुंचे परंतु अपेक्षाकृत उनकी संख्या कम थी।

जिले में दो दिन से बदली पानी के कारण किसान परेशान है। बुधवार की शाम को कुछ राहत मिली जब सूर्यदेव दर्शन दिए। सुबह कुछ देर बदली के बूंदाबादी हुई। मंगलवार को दिन भर रूक रूक कर पानी गिरने से खेतों में धान की फसल पूरी तरह से भीग गया है। बुधवार की सुबह किसान खेतों में धान की फसल को देखने पहुंचे। किसानों ने बताया कि जिले के तीनों ब्लाक में दिन भर गिरने से खेतों में धान की बालियां गिर गई है। वहीं खेतों में कटे करपा पूरी तरह से भीगने से तीन से चार दिन तक नहीं उठाने की बात कही। कुछ किसानों ने करपा को मेढ़ पर रखा जिससे नीचे बालियां पानी में खराब नहीं हो।उन्होंने मेढ़ के पार में रखने के बाद बताया कि अगर दो दिन धूप हो जाए तो वे करपा को कोठार में ले जाएंगे। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने अभी तीन दिन और मौसम खराब रहने की बात कही है। इसे लेकर किसानों ने कहा कि लगातार गिरा तो उन्हें बेहद नुकसान उठाना पड़ेगा उनकी सालभर की कमाई पानी में भीगते देखकर रोना आ रहा है। उन्होंने कहा धान की बालियां पानी गिरने से पूरी तरह से भीगने के कारण खेत में धान को उठाने में दिक्कत आ रही है वहीं बिना कटे बालियां पानी में पूरी तरह से गिर गई हैं। किसानों ने बताया कि जिन किसानों ने फसल की कटाई कर ली है उनके सामने धान को सुरक्षित कोठार में रखने की चुनौती कम नहीं है। इसी प्रकार की समस्या जिले के तीनों ब्लाक मुंगेली, लोरमी , पथरिया के किसान को है।





## फ्यूज काल सेंटर बेलगाम, जब मर्जी तब उठाते हैं काल

**बिलासपुर।** बिजली वितरण कंपनी का फ्यूल काल सेंटर पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। यहां ड्यूटी में तैनात कर्मी तभी उपभोक्ताओं का काल उठाता है, जब उसकी मर्जी होती है। इस लापरवाही की जानकारी ऐसा नहीं है कि बिजली कंपनी के अधिकारियों को नहीं है। निजी व्यवस्था होने के कारण अधिकारी उन पर किसी तरह दबाव बनाने से कतराते हैं। इसी के चलते आम उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं। बिजली से जुड़ी खराबियों को सुधारने के लिए कंपनी ने दो तरह की व्यवस्था कर रखी है। विभागीय कर्मचारी तब सुधार करने के लिए पहुंचते हैं जब मेन लाइन में तकनीकी खराबी आती है। फ्यूज या छुटपुट खराबियां ठीक करने के लिए कंपनी फ्यूल काल सेंटर की व्यवस्था की है। यहां काम करने वाले कर्मचारी निजी होते हैं। कंपनी यह कार्य ठेके पर कराती है। इस व्यवस्था के तहत ठेकेदार काल सेंटर में अपना एक कर्मचारी बैठाता है, जिसकी जिम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं से मिली बिजली संबंधित शिकायतों को दर्ज करना और उसके बाद संबंधित स्थान पर फ्यूल काल सेंटर के कर्मचारी को भेजना। आमतौर पर बड़ी खराबियां नहीं आती। इस लिहाज सबसे ज्यादा दिक्कत डीओ गिरने या तार कटने जैसी आती हैं। कंपनी ने यह व्यवस्था इसलिए की है, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। लेकिन, स्थिति इसके ठीक विपरीत है। फ्यूज काल सेंटर हमेशा से विवाद में रहा है। एक तो यहां बैठे कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं से सही व्यहार नहीं किया जाता। इसके अलावा ठेकेदार को जितने संसाधन या कर्मचारी रखने चाहिए, वह इस मापदंड को भी पूरा नहीं करता। इसके चलते बिजली सुधार होने पर काफी समय लगता है। इन समस्याओं के साथ-साथ अब उपभोक्ताओं को नई तरह की दिक्कत आ रही है। फ्यूल काल सेंटर में काल ही रिसीव नहीं हो रहा।

## पेंड्रा क्षेत्र हवा में घुली ठंडक, छाया कोहरा

**पेंड्रा।** उत्तर भारत में मौसम में बदलाव का असर पूर्वी मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले में दिखा। दिनभर आसमान में बादलों का डेरा रहा और हवा में ठंडक घुल गई। दो दिनों से गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही जिले में मौसम बदला है। इसके चलते वर्षा और ओले की संभावना बनी हुई है। बताया जाता है कुछ जगह में हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक विशाल मौर्य ने बताया कि आने वाले दो दिनों में इस इलाके में असर दिखेगा इसके चलते जो इस इलाके का न्यूनतम तापमान से और नीचे जा सकता है। साथ ही मौसम विभाग के अनुसार कुछ जगहों में पानी गिरने के आसार बने हुए हैं।

# 30 लीटर अवैध शराब के साथ 12 आरोपित पकड़े गए

**मुंगेली।** पुलिस ने 30.3 लीटर अवैध शराब के साथ 12 आरोपित को पकड़ा। मामले में थाना मुंगेली, लोरमी, जरहागांव एवं खुड़िया पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपितों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले छह व्यक्ति के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई।

जिले में नशे के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुंगेली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले 12 आरोपितों के विरूद्ध कार्रवाई की है, इसमें थाना मुंगेली द्वारा उपलेटा राइस मिल के पास दाउपारा में दबिश देकर आरोपित सुमीत वर्मा के कब्जे से 2.1 लीटर अवैध देशी शराब, पुलपारा के पास से आरोपित गोपी पाठक के कब्जे से 2.3 लीटर एवं आरोपित दीपक मानिकपुरी के कब्जे से 2.3 लीटर, ग्राम रीवापार में आरोपित कौशल आनंद के कब्जे से 2.7 लीटर, पड़ाव चौक में आरोपित विजय कुमार सारथी के कब्जे से 2.5 लीटर एवं आरोपित अभिषेक टोंड्रे की कब्जे से 2.1 लीटर, बुधवारी बाजार में आरोपित अरुण राजपूत के कब्जे से 2.3 लीटर एवं आरोपित पुष्पराज सप्रे की कब्जे से 2.1 लीटर , थाना लोरमी द्वारा तहसील तिराहे में आरोपित रामचरण यादव की कब्जे से 2.7 लीटर, ग्राम तुलसाघाट में आरोपित भागीरथी खरे की कब्जे से 2.7 लीटर, थाना जरहागांव द्वारा दाउकापा में आरोपित मुकेश बांधले की कब्जे से 3.5 लीटर,चौकी खुड़िया द्वारा झिरिया में आरोपित घनश्याम ध्रुव के कब्जे से तीन लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपितों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थान पर पीने वाले छह आरोपितों के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है, इसमें थाना सरगांव द्वारा दो व्यक्तियों, चौकी डिंडौरी द्वारा दो व्यक्तियों, थाना फास्टरपुर द्वारा एक व्यक्ति एवं चिल्फी द्वारा एक व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।




# पुरानी रंजिश पर पड़ोसियों ने गला दबाकर किसान की कर दी हत्या, पति-पत्नी समेत छह गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मुंगेली जिले के ग्राम लिम्हा में पड़ोसियों ने किसान की पिटाई कर गला दबा दिया। इससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर पति-पत्नी और उसके बेटे और तीन किशोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया गया है।

मुंगेली कोतवाली थाना प्रभारी गौरव पांडेय ने बताया कि ग्राम लिम्हा में रहने वाली परदेशनी बाई ने थाने में मारपीट और हत्या की शिकायत की है। महिला ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव में रहने वाले हीरालाल निषाद अपने बेटे सूरज निषाद, पत्नी गंगोत्री और तीन बेटियों के साथ मिलकर उनके पति भागवत निषाद की पिटाई की। इस दौरान बीच-बचाव करने पर उन्होंने परदेशनिन, बेटा मनोहर, बेटी राधिका, बहू रिका और देवर रामफल से भी मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपित हीरालाल और उसके परिवार वालों ने भागवत का गला दबा दिया। इससे भागवत की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया। वहीं, गांव में घेराबंदी कर आरोपित हीरालाल निषाद, सूरज निषाद, गंगोत्री व तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया है।



अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547